मध्यप्रदेश शासन
लोक निर्माण विभाग
मंत्रालय, भोपाल

क्रमांक : एफ 53/16/2012/19/यो/3023 भोपाल,दिनांक 04/08/2014

# आदेश

1/ राज्य शासन के सभी कार्य विभाग एवं कार्य विभाग की तरह कार्य करने वाले विभागों द्वारा जारी की जाने वाली निविदाओं के प्रकाशन की सूचना की जानकारी दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करने हेतु विभाग द्वारा समसंख्यक आदेश दिनांक 01.10.2013 जारी किया गया है ।

2/ समग्र विचारोपरान्त राज्य शासन एतद् द्वारा उक्त आदेश को निरस्त करते हुए निविदा प्रकाशन की सूचनाओं के दैनिक समचार पत्रों में प्रकाशन के लिए निम्न तालिका में दर्शाये अनुसार व्यवस्था लागू करता है :–

| प्रकाशन की श्रेणी | निविदा लागत | निविदा प्रकाशन हेतु दैनिक समाचार पत्रों का विवरण |
|---|---|---|
| श्रेणी–1 | रूपये 2.0 (दो) करोड़ तक | निम्नानुसार कुल तीन समाचार पत्र :–<br>(अ) संबंधित राजस्व संभाग के दो समाचार पत्र (केवल संभागीय मुख्यालय के संस्करण में)<br>टीप : इस हेतु शहडोल–रीवा को मिलाकर एक संभाग, चंबल–ग्वालियर को मिलाकर एक संभाग, भोपाल–होशंगाबाद एवं सागर को मिलाकर एक संभाग एवं उज्जैन–इन्दौर को मिलाकर एक संभाग माना जाएगा ।<br>(ब) क्षेत्रीय मध्यम अथवा लघु समाचार पत्र–कोई एक। |

| | | |
|---|---|---|
| श्रेणी–2 | रूपये 2.0 (दो) से 10.0 (दस) करोड़ तक | निम्नानुसार कुल तीन समाचार पत्र :–<br>(अ) राज्य स्तरीय दो समाचार पत्र (भोपाल संस्करण एवं संबंधित राजस्व संभाग के लिए संस्करण)<br>**टीप** :– राज्य स्तरीय समाचार पत्र से आशय उन समाचार पत्रों से है, जिनका प्रकाशन भोपाल एवं संबंधित संभाग के लिए किया जाता है ।<br>(ब) क्षेत्रीय मध्यम अथवा लघु समाचार पत्र–कोई एक। |
| श्रेणी–3 | रूपये 10.0 (दस) करोड़ से अधिक | निम्नानुसार कुल चार समाचार पत्र :–<br>(अ) दो राष्ट्रीय समाचार पत्र, जिसमें से एक हिन्दी एवं एक अंग्रेजी का हो तथा प्रत्येक समाचार पत्र के अधिकतम तीन संस्करण, जिनका निर्धारण निविदा जारी करने वाले संबंधित अधिकारी द्वारा किया जाएगा ।<br>**टीपः**– इस हेतु राष्ट्रीय समाचार पत्र से आशंय ऐसे समाचार पत्रों से है जो कि निम्नानुसार शर्त पूरी करते है :<br>(i) प्रसारण :– व्यापक स्वरूप का हो ।<br>(ii) प्रकाशनः– देश के कम से कम दो महानगरों में संस्करणों का प्रकाशन होता हो ।''<br>(ब) क्षेत्रीय मध्यम अथवा लघु समाचार पत्र–कोई एक।<br>(स) राज्य स्तरीय एक समाचार पत्र (भोपाल संस्करण एवं संबंधित राजस्व संभाग के लिए संस्करण । |

3/ यह स्पष्ट किया जाता है कि निविदाओं के प्रकाशन की सूचना के दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन के लिए संबंधित सूचना में नीहित निविदाओं में से अधिकतम लागत की निविदा के आधार पर उक्त तालिका में दर्शाई श्रेणी लागू मानी जायेगी।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

Prakash
4/8/14

(चन्द्र प्रकाश अग्रवाल)
सचिव, म.प्र.शासन,
लोक निर्माण विभाग

4/8/14

क्रमांक : एफ 53/16/2012/19/यो/3024 भोपाल,दिनांक 04/08/2014

प्रतिलिपिः—

1) अपर मुख्य सचिव, म.प्र.शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, भोपाल.
2) अपर मुख्य सचिव, म.प्र.शासन. वित्त विभाग.
3) महालेखाकार ग्वालियर / भोपाल (मध्यप्रदेश)
4) उपाध्यक्ष एवं सदस्य, पुर्नवास नर्मदाघाटी विकास प्राधिकरण,भोपाल
5) प्रमुख सचिव, म.प्र.शासन, नर्मदाघाटी विकास विभाग, भोपाल.
6) प्रमुख सचिव, म.प्र.शासन; किसान कल्याण एवं कृषि विभाग, भोपाल.
7) प्रमुख सचिव, म.प्र.शासन, जल संसाधन विभाग, भोपाल.
8) प्रमुख सचिव, म.प्र.शासन, उर्जा विभाग, भोपाल.
9) प्रमुख सचिव, म.प्र.शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, भोपाल.
10) सचिव, म.प्र.शासन, आवास पर्यावरण विभाग, भोपाल.
11) सचिव, म.प्र.शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, भोपाल.
12) सचिव, म.प्र.शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, भोपाल.
13) सचिव (समन्वय), मुख्य सचिव कार्यालय, म.प्र.शासन, भोपाल.
14) आयुक्त, जनसम्पर्क, मध्यप्रदेश, भोपाल.
15) प्रबन्ध संचालक, म.प्र. राज्य सड़क विकास निगम, भोपाल
16) मुख्य तकनीकी परीक्षक (सर्तकता), अरेरा हिल्स, भोपाल.
17) प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, भोपाल.
18) मुख्य कार्यपालन अधिकारी,म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण,भोपाल.
19) निज सचिव, मा0 मंत्रीजी, लोक निर्माण विभाग, म.प्र.शासन, भोपाल.

4/8/14

सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
लोक निर्माण विभाग